**नाबार्ड**

# राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
**(पूरी तरह से भारत सरकार के स्वामित्व में)**
**विज्ञापन संख्या 02/ बीएमओ/2024-25**

**बैंक के चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) की नियुक्ति**
**नियत प्रति घंटा पारिश्रमिक के साथ अनुबंध के आधार पर**

नाबार्ड औषधालय – दामोदर पार्क, घाटकोपर (पश्चिम) में स्थित नाबार्ड स्टाफ क्वाटर्स में संविदा आधार पर बैंक चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) के पद को भरने के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं. आवेदन, मुख्य महाप्रबंधक, मानव संसाधन प्रबंधन विभाग, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, प्रधान कार्यालय, प्लॉट नंबर सी-24, 'जी' ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400 051 दिनांक **04 सितंबर 2024 से 10 सितंबर 2024** तक पहुँच जाने चाहिए. **संबंधित दस्तावेजों के साथ आवेदन की स्कैन की गई प्रति ईमेल द्वारा recruitment@nabard.org पर भेजी जाए.**

**पात्रता मानदण्ड**

i. आवेदक के पास भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से चिकित्सा की एलोपैथिक प्रणाली में एमबीबीएस की उपाधि होनी चाहिए.

ii. सामान्य चिकित्सा में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त अभ्यर्थियों द्वारा भी आवेदन किए जा सकते हैं.

iii. आवेदक के पास किसी भी अस्पताल या क्लिनिक में मेडिकल प्रैक्टिशनर के रूप में न्यूनतम 02 (दो) वर्ष का अनुभव होना चाहिए.

iv. औषधालय कार्यों को ऑनलाइन सुचारु रूप से करने के लिए आवेदक के पास कंप्यूटर/लैपटॉप का कार्यसाधक ज्ञान होना चाहिए.

v. आवेदकों के पास उपर्युक्त स्थान पर मुख्यत: बैंक के औषधालय से 3 से 5 किलोमीटर के दायरे में अपना स्वयं का औषधालय या निवास होना चाहिए.

vi. बैंक चिकित्सा अधिकारी का पारिश्रमिक संविदा आधार पर उसके द्वारा निष्पादित वास्तविक कार्य अवधि के अनुसार निर्धारित किया जाएगा और वह सर्व-समावेशी होगा.

vii. नियुक्ति हेतु संविदा अवधि पाँच वर्ष होगी जो संविदा अवधि के पूर्ण होने पर प्रदर्शन समीक्षा के अधीन 70 वर्ष की आयु तक नवीकरणीय होगी.

viii. पारिश्रमिक और कार्य अवधि का विवरण नीचे दिया गया है:

| क्र. सं. | औषधालय का स्थान | अस्थाई कार्य अवधि | कार्य | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | नाबार्ड स्टाफ क्वाटर्स, दामोदर पार्क, घाटकोपर (पश्चिम), मुंबई | सुबह 07:30 बजे से 09:30 बजे तक (प्रतिदिन 02 घंटे, सोमवार से शनिवार) | मरीज़ों को देखना | संविदात्मक सेवा के पहले तीन वर्षों तक रु.1000/- प्रति घंटा और संविदात्मक सेवा के तीन वर्ष पूरे होने पर रु.1200/- प्रति घंटा. |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | कुल देय मासिक पारिश्रमिक में से रु. 1000/- प्रति माह की राशि को परिवहन व्यय के रूप में माना जाएगा. |

viii. अनुबंध के आधार पर बीएमओ द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कर्तव्यों/प्रदान की जाने वाली सेवाओं की उदाहरणात्मक सूची अनुबंध II में दी गई है.

ix. प्रशासनिक और परिचालन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, यदि जरूरी हो तो नाबार्ड अपने विवेक से समय-समय पर पारिश्रमिक की समीक्षा करने, औषधालय की कार्य अवधि और स्थान बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. तदनुसार, चयनित अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों को उपर्युक्त औषधालयों के अलावा समय-समय पर प्रदत्त सूचना के अनुसार बैंक के औषधालयों में सेवा देनी पड़ सकती है.

x. इच्छुक और योग्य अभ्यर्थियों द्वारा कृपया अनुलग्नक-III के अनुरूप निर्धारित प्रारूप में आवेदन किया जाए. आवेदन एक लिफाफे में भेजा जाना चाहिए जिस पर 'संविदा आधार पर बैंक चिकित्सा अधिकारी के पद हेतु आवेदन' लिखा हो.

**चयन प्रक्रिया:**

i. नाबार्ड द्वारा प्रति घंटा निश्चित पारिश्रमिक के आधार पर चिकित्सा अधिकारियों (संविदा पर) के पैनल के चयन के लिए एक साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा.

ii. साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले अभ्यर्थियों की संख्या को सीमित करने के लिए बैंक के पास न्यूनतम पात्रता मानकों आदि को बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित है. इस संबंध में बैंक का निर्णय अंतिम होगा. बैंक उन आवेदकों के साथ किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं करेगा जिन्हें साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है.

iii. साक्षात्कार के बाद चयनित आवेदक/आवेदकों को बैंक चिकित्सा अधिकारी के रूप में नियुक्ति से पहले निर्धारित मानदंडों के अनुसार चिकित्सकीय परीक्षण/चिकित्सकीय स्वस्थता प्रमाण-पत्र जमा करना होगा.

iv. इस पद के लिए चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति उनके चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त पाए जाने और अनुलग्नक-I के अनुसार नियम और शर्तों की स्वीकृति के अधीन की जाएगी.

*********

नोट: किसी भी विवाद के मामले में, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा.

मुंबई

(दिनेश पी)
मुख्य महाप्रबंधक
एचआरएमडी

दिनांक : 04 सितंबर 2024

**अनुलग्नक I**

**निर्धारित प्रति घंटे पारिश्रमिक के साथ बैंक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति (संविदा आधार पर) हेतु सेवा संबंधी नियम और शर्तें**

i. आपकी नियुक्ति प्रारंभ में पाँच वर्षों की अवधि के लिए की जाएगी (जिसे समुचित रूप से कम किया जाएगा/ जा सकता है ताकि 70 वर्ष की निर्धारित अधिकतम आयु अपरिवर्तित रहे) जिसे परस्पर करार द्वारा पाँच वर्ष के ब्लॉक में बढ़ाया जा सकता है. 70 वर्ष से अधिक आयु और 75 वर्ष की आयु की प्राप्ति तक, संविदा का नवीनीकरण परस्पर करार द्वारा वार्षिक आधार पर समीक्षा और चिकित्सकीय स्वस्थता के अधीन किया जा सकता है. उक्त नियुक्ति को किसी भी समय दोनों पक्ष द्वारा एक महीने के नोटिस के माध्यम से समाप्त किया जा सकता है.

ii. बीएमओ कर्मचारियों की चिकित्सकीय देख-भाल करेंगे/ सलाह देंगे.

iii. बीएमओ  अगर औषधालय में उपस्थित होने की स्थिति में नहीं हैं, वहाँ वह अपनी लागत पर बैंक को स्वीकार्य अस्थाई स्थानापन्न व्यवस्था प्रदान करेंगे. स्थानापन्न चिकित्सक का नाम बैंक को सूचित किया जाएगा.

iv. बीएमओ को छुट्टी पर जाने से पहले बैंक द्वारा निर्धारित तरीके से बैंक को सूचित करना होगा और उसकी अनुपस्थिति में ड्यूटी पर उपस्थित स्थानापन्न चिकित्सक का विवरण साझा करना होगा. लोकम या स्थानापन्न चिकित्सक को कंप्यूटर का पर्याप्त ज्ञान होना चाहिए.

v. बीएमओ यह सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होगा कि स्थानापन्न चिकित्सक को बैंक के मौजूदा चिकित्सा दिशानिर्देशों की जानकारी है.

vi. बीएमओ को बैंक अवकाश पर कार्य करने की आवश्यकता नहीं है, हालाँकि साप्ताहिक अवकाश सहित कुल अनुपस्थिति लगातार दो दिनों से अधिक होने की स्थिति में वह बैंक अवकाश के लिए पात्र नहीं होंगे.  तथापि, बीएमओ को बैंक अवकाश पर आपात स्थिति में उपस्थित होने या अपरिहार्य अनुपस्थिति की स्थिति में 'बुलाए जाने पर (ऑन-कॉल)' पर बीएमओ द्वारा एक स्थानापन्न चिकित्सक की उचित व्यवस्था की जाएगी.

vii. बीएमओ नाबार्ड के मामले और उसके घटकों के मामलों के बारे में कड़ाई से गोपनीयता बनाए रखेंगे और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, गोपनीय प्रकृति की किसी भी जानकारी को सर्वजन या नाबार्ड के कर्मचारियों को तब तक नहीं बताएँगे, जब तक कि न्यायिक या अन्य प्राधिकरण द्वारा ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं किया जाता है, या जब तक किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा ऐसा करने का निर्देश नहीं दिया जाता है.

viii. बीएमओ किसी भी दवा ब्रांड/विशेषज्ञ डॉक्टर/रसायनज्ञ/प्रयोगशाला/अस्पताल का अनुचित तरीके से समर्थन या प्रचार नहीं करेंगे.

ix. कार्यालय की अत्यावश्यकताओं के मामले में, यदि आवश्यक है तो, बीएमओ को बैंक के कार्यालय या किसी अन्य स्थान पर गैर-कार्य दिवसों पर भी बैंक के औषधालय में उपस्थित होना पड़ सकता है.

x. बीएमओ को बैंक द्वारा कोई आवासीय सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी.

xi. यदि बैंक की राय में संविदा के नियम और शर्तों का उल्लंघन होता है या बीएमओ का प्रदर्शन असंतोषजनक पाया जाता है, तो बैंक के पास किसी भी समय बिना किसी सूचना के संविदा को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित है.

xii. बैंक में कार्यभार ग्रहण करने पर जारी किये गए पहचान-पत्र को संविदा अवधि/ संविदा की समाप्ति पर वापस कर दिया जाए.

**********

**<u>अनुलग्नक II</u>**

## संविदा आधार पर नियुक्त बैंक चिकित्सा अधिकारी द्वारा निष्पादित किए जाने वाले कर्तव्यों/सेवाओं की स्पष्ट सूची

1. सेवारत/सेवानिवृत्त कर्मचारियों और उनके चिकित्सा आश्रितों को ऑनलाइन परामर्श सहित चिकित्सा सलाह/परामर्श प्रदान करना.

2. औषधालय हेतु निर्धारित समय के दौरान बैंक के औषधालय में कर्मचारियों के प्रत्येक मामले में प्राथिमिकता के आधार पर इंजेक्शन, ड्रेसिंग आदि की मुफ्त सुविधा प्रदान करना.

3. बैंक के सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मचारियों/चिकित्सा आश्रितों को उपचारात्मक उद्देश्य के लिए आवश्यक दवाओं या इंजेक्शन की आपूर्ति के लिए बैंक के अनुमोदित दवा-विक्रेता को डिस्पेंसरी एप्लिकेशन के माध्यम से या बैंक द्वारा निर्धारित किसी भी तरीके से ऑर्डर फॉर्म (क्रेडिट स्लिप) जारी करना.

4. जब भी आवश्यक हो, स्टाफ सदस्यों/चिकित्सा आश्रितों के अस्पताल में भर्ती होने के लिए क्रेडिट स्लिप जारी करना.

5. अपने चिकित्सा दावे को प्रस्तुत करने के लिए बैंक के कर्मचारियों/आश्रितों द्वारा किए गए उपचार पर डिस्पेंसरी एप्लिकेशन के माध्यम से या बैंक द्वारा निर्धारित किसी भी तरीके से सिफारिश प्रदान करना.

6. जब भी बैंक को आवश्यकता होगी, किसी भी स्टाफ सदस्य के निवास पर जाना. ऐसे दौरों के लिए भुगतान किया जाएगा.

7. यदि अनिवार्य है तो स्टाफ और उनके परिवार के सदस्यों को विशेषज्ञों के पास जाने हेतु सिफारिश प्रदान करना और ऐसी अनिवार्यता को प्रमाणित करना.

8. जब भी बैंक द्वारा आवश्यक माना जाता है, विभिन्न बीमारियों के लिए, बैंक की लागत पर रोगनिरोधी टीकाकरण आदि की व्यवस्था करना.

9. आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए स्थानीय प्रसिद्ध अस्पतालों में अस्पताल की सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करना.

10. बैंक द्वारा सलाह दिए जाने पर पैनल में शामिल करने वाले अस्पतालों या डायग्नोस्टिक्स लैब में जाना होगा.

11. अस्पताल में एक महीने से अधिक समय से उपचार करा रहे नाबार्ड से संदर्भित मरीजों से मिलना और मरीज को प्रदान किए गए उपचार के बारे में अंतरिम रिपोर्ट प्रदान करना.

12. यदि आवश्यक हो या जब कभी ऐसा करने की आवश्यकता हो, तो विस्तृत चिकित्सकीय जाँच करना और बैंक के किसी भी कर्मचारी की सुविधा के लिए स्वास्थ्य और/या स्वस्थता की स्थिति को समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में प्रमाणित करना.

13. रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सहयोग से स्टाफ क्वाटरो में चिकित्सा शिविर या जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की सुविधा प्रदान करना.

14. यदि आवश्यक हो या जब कभी ऐसा करने की आवश्यकता हो, तो विस्तृत चिकित्सकीय जाँच करना और बैंक के कोई संभावित कर्मचारी जिसे बैंक की सेवा में नियुक्ति के लिए चुना जा सकता है उसकी सुविधा के लिए स्वास्थ्य और/या स्वस्थता की स्थिति को समय-समय पर बैंक द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में प्रमाणित करना.

15. समय-समय पर बैंक द्वारा जारी मौजूदा चिकित्सा दिशानिर्देशों से अद्यतन रहना और निर्देशों के अनुसार कर्तव्य का निर्वहन करना.

16. कार्यालय की अत्यावश्यकताओं के मामले में, यदि आवश्यक है तो, गैर-कार्य दिवस पर भी प्रधान कार्यालय या उसके क्वार्टरों में कार्यनिष्पादन हेतु उपस्थित होना.

17. स्वास्थ्य समस्याओं की रोकथाम के लिए स्टाफ सदस्यों को स्वास्थ्य जांच सुविधा के लिए संवेदनशील बनाना और प्रोत्साहित करना.

18. बीएमओ बैंक द्वारा आवश्यक समझे जाने वाले किसी अन्य संबंधित कार्यों का निष्पादन करेंगे.

*********

अनुलग्नक III

**आवेदन पत्र**

**नाबार्ड में निश्चित प्रति घंटे पारिश्रमिक के साथ संविदा आधार पर बैंक चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति हेतु आवेदन**

1. पूरा नाम: श्री / श्रीमती/ कु. ______________________________
   (कृपया उपनाम पहले लिखा जाए)

2. पिता / पति का नाम ______________________________

3. (क). पता:

| निवास | औषधालय |
|---|---|
| | |

(ख). फोन नं. : ______________________
मोबइल नं.: ______________________
ईमेल पता : ______________________

(ग) बैंक के औषधालय से अनुमानित दूरी:

| पता | निवास से दूरी (किमी में) | औषधालय से दूरी (किमी में) |
|---|---|---|
| | | |

4. क) जन्म तिथि :

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| D | D | M | M | Y | Y | Y | Y |

ख) 01 सितंबर 2024 को आयु : ___ वर्ष ___ महिने

5. जन्मस्थान और निवास-स्थान :

6. राष्ट्रीयता :

7. क्या आप अनु. जाति/ अनु. जनजाति/अ.पि.व./सामान्य हैं :

8. शैक्षणिक योग्यताएँ :
(प्राप्त उपाधि/डिप्लोमा का विवरण, उच्च से निम्न क्रम में)

| **उपाधि/डिप्लोमा** | **विश्वविद्यालय/बोर्ड** | **उत्तीर्ण वर्ष** | **कक्षा/रैंक** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

9. चिकित्सा पंजीकरण संख्या और उसकी वैधता: ____________________________________________

10. आवेदक द्वारा चिकित्सा क्षेत्र में प्राप्त किसी अन्य पाठ्यक्रम का विवरण :

____________________________________________

____________________________________________

____________________________________________

11. अनुभव का विवरण (स्नातक उपाधि के बाद के ही अनुभव का विवरण दें) :

| **अनुभव** | **स्थान** | **से** | **तक** | **अवधि** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **वर्ष** | **माह** |
| अस्पताल में (चिकित्सक के रूप में) | | | | | |
| सामान्य प्रक्टिश्नर के रूप में | | | | | |

12. कोई अन्य जानकारी जिसे आवेदक अपने आवेदन पर विचार करने हेतु ध्यान में लाना चाहता/चाहती है:

---

---

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस पत्र में मेरे द्वारा दी गई जानकारी और विवरण सत्य और सही हैं. मैं यह भी समझता/समझती हूँ कि यदि उपरोक्त में से कोई भी कथन गलत या असत्य है या यदि यहाँ पर कोई महत्वपूर्ण जानकारी या विवरण छिपाई गई है या हटाई गई है, तो मेरी नियुक्ति बिना किसी सूचना या उसके बदले बिना किसी क्षतिपूर्ति के समाप्त की जा सकती है.

स्थान :

दिनांक : (आवेदक के हस्ताक्षर)

## निर्देश

1. आवेदन पत्र में सभी विवरण आवेदक द्वारा पूरी तरह से भरे जाएँ, क्योंकि अपूर्ण फॉर्म अस्वीकार कर दिए जाएँगे.
2. आवेदन पत्र के साथ आयु, शैक्षिक योग्यता, चिकित्सा पंजीकरण, जाति, अनुभव आदि के संबंध में संबंधित प्रमाण-पत्रों की सत्यापित प्रतियाँ संलग्न की जानी चाहिए.
3. यदि अभ्यर्थी किसी भी संस्था के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं तो उसका विवरण और संस्था में कार्य की अवधि का उल्लेख किया जाना चाहिए.

*******